हिन्दी मिलाप

फर्नांडीज हॉस्पिटल में किया गया रक्तदान अभियान का आयोजन

हैदराबाद, 9 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो) हैदरगुड़ा स्थित फर्नांडीज हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान अभियान के साथ 14वीं वर्षगांठ मनाई गई।

प्रेस विज्ञप्ति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, फर्नानडीज फाउंडेशन ने थैलीसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी (टीएससीएस) के सहयोग से फर्नांडीज हॉस्पिटल, हैदरगुड़ा की 14वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान अभियान का आयोजन किया। इसका उद्देश्य जीवन बचाना और जरूरतमंद रोगियों, विशेषकर थैलीसीमिया और सिकल सेल रोग जैसी स्थितियों से जूझ रहे रोगियों के लिए रक्त की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना था। अवसर पर सौ से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। प्रतिभागियों में फर्नांडीज फाउंडेशन के कर्मचारी, टीएससीएस सदस्य, मरीजों के परिवार के सदस्य एवं अन्य शामिल थे।

फर्नांडीज फाउंडेशन की असोसिएट निदेशक (प्रशासन और संचालन) डॉ. तेजस्विनी कुशनूर ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दान की गई रक्त की प्रत्येक इकाई जरूरतमंद रोगियों के लिए जीवन रेखा के समान है। थैलीसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी के संयुक्त सचिव अलीम बेग ने स्वैच्छिक रक्तदान पर बल देते हुए कहा कि इस सहयोग से कई लोगों को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में सार्थक प्रभाव डालने के लिए हमें फर्नांडीज फाउंडेशन के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। अवसर पर उपस्थित लोगों को नियमित रक्तदान के महत्व पर जागरूक किया गया।